# जांच समिति ने अपना प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंपा

## समिति ने माना कुपोषण से मौत की संभावना नहीं

नवभारत न्यूज

**सतना, 7 अप्रैल. मझगवां जनपद के कैमहा में मासूम आदिवासी की मौत के बाद कलेक्टर एस सतीश द्वारा गठित जांच समिति ने मंगलवार को अपना प्रतिवेदन सौप दिया.प्रतिवेदन में मृत्यु का कारण अस्पष्ट मनाते हुए कुपोषित नही होने का दावा किया है.**



ग्राम कैमहा, ग्राम पंचायत महतैन, विकासखण्ड मझगवां जिला सतना में 11 माह की बालिका भारती मवासी पुत्री राजललन मवासी की मृत्यु 5 अप्रैल को हुई है। उक्त प्रकरण में कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुविभाग मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज शुक्ला एवं जिला कार्यकम अधिकारी म0बा0वि0 राजीव सिंह जांच दल गठित किया गया। उक्त जांच दल द्वारा 6 अप्रैल सोमवार को ग्राम कैमहा का भ्रमण कर जांच की गयी। बालिका के पिता राजललन मवासी मुख्यत: मजदूरी पर आश्रित हैं एवं रोजगार हेतु बीच-बीच में जिले के बाहर भी जाते रहते हैं। श्रीमती भूरी मवासी 05 बार गर्भवती हुयी। इनके प्रथम शिशु की जन्म के 15 दिन पश्चात ही मृत्यु हो गयी थी, द्वितीय शिशु वर्तमान में लगभग 4 वर्ष का है, तृतीय शिशु की गर्भमें ही मृत्यु हो गयी थी। दिवंगत बालिका भारती मवासी भूरी मवासी की चौथी संतान थीं, जिनकी उम्र 11 माह थी। वर्तमान में श्रीमती भूरी मवासी को पुन: 07 माह का गर्भ है। बालिका भारती मवासी का जन्म सीएचसी मझगवां में हुआ था एवं उसका सम्पूर्ण टीकाकरण समय-समय पर ग्राम कैमहा में स्वास्थ्य विभाग के टीकाकरण दल द्वारा किया गया था। जन्म के समय मेडिकल रिकार्ड के अनुसार उनका वजन 2.20 कि0ग्रा0 था। श्रीमती भूरी मवासी के पांचवे गर्भ हेतु 10 मार्च 2026 को टीकाकरण किया गया था तथा 30 दिन के लिये आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों भी आशा कार्यकर्ता द्वारा प्रदाय की गयी है। 10 मार्च 2026 को ही बालिका भारती मवासी का भी शिड्यूल के अनुसार टीकाकरण किया गया था। माता पिता से विस्तृत चर्चा करने पर उनके द्वारा बताया गया कि बालिका भारती मवासी जन्म के समय पूर्णत: सामान्य एवं सक्रिय थीं। जन्म से 11 माह तक के मध्य बालिका लगभग स्वस्थ बनी रही। मृत्यु दिनांक से 03 दिन पूर्व बालिका के बुखार से पीडित होने पर पिता द्वारा स्थानीय स्तर पर उसका इलाज कराया गया। माता पिता के अनुसार मृत्यु दिवस की सायं को बालिका ने ऊपरी आहार अच्छे से खाया था तथा माता भूरी मवासी द्वारा रात में बालिका को स्तनपान भी कराया गया था। परन्तु कुछ घंटे पश्चात बालिका की मृत्यु हो गयी।

### मार्च महीने में बालिका का वजन 7 .1 किलोग्राम था

मेडिकल रिकार्ड के अनुसार माह मार्च 2026 में बालिका का वजन 7 .1 किलोग्राम था। बालिका कुपोषित नही थी। उक्त जांच में पाये गये तथ्यों / परिस्थितियों के आलोक में संयुक्त जांच समिति द्वारा संबंधित विभागों कों गतिविधियों के क्रियान्वयन का और अधिक आंकलन कर सुधार कार्यवाही की अनुशंसा की गयी है।

# वाहन चोर गिरोह पकड़ाया, 9 बाइकें जब्त

## चितरंगी पुलिस की कार्रवाई, 3 गिरफ्तार, 2 बाल अपचारी भी अभिरक्षा में



नवभारत न्यूज

**चितरंगी, 7 अप्रैल। जिले में लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए चितरंगी पुलिस ने अंतरजिला वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है।**

एसडीओपी चितरंगी के निर्देशन में थाना प्रभारी टीआई सुदेश तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों के कब्जे से 9 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। बरामद वाहनों की कुल कीमत 7 लाख 10 हजार रुपये आंकी गई है। इनमें तीन वयस्क आरोपी और दो बाल अपचारी शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार 5 अप्रैल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ युवक चोरी की मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में क्षेत्र में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुदेश तिवारी ने टीम के साथ घेराबंदी कर संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने चितरंगी, मोरवा, बरगवां, अमिलिया, अनपरा और शक्तिनगर थाना क्षेत्रों से बाइक चोरी करना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने विभिन्न स्थानों से चोरी की 9 मोटरसाइकिलें बरामद कर लीं।

गिरफ्तार आरोपियों में बबुलेश साह पिता मुन्ना लाल साह, उम्र 20 वर्ष, रामराज सिंह गोंड पिता देवनारायण सिंह गोंड, उम्र 22 वर्ष, दोनों निवासी बगैया थाना चितरंगी तथा सूर्यभान सिंह गोंड पिता छत्रपति सिंह गोंड, उम्र 18 वर्ष, निवासी झगरौहा थाना चितरंगी शामिल हैं। वहीं दो विधि विवादित किशोरों को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया, जबकि दोनों बाल अपचारियों को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया।

### कार्रवाई में इनका रहा सराहनीय योगदान

इस कार्रवाई में टीआई सुदेश तिवारी,के . वर्मा , सब-इंस्पेक्टर मोहन पनाडिया , रमेश प्रसाद कोल, रमेश साकेत, राजेश मिश्रा, आर .डी . वर्मा, कैलाश सिंह, संत कुमार प्रजापति, आरक्षक शिव कुमार पटेल, शुभम पटले, जितेंद्र तिवारी, मुकेश पाण्डेय, सुभाष पाल, सुदर्शन चौहान, अमलेश सिंह, सचिन शुक्ला एवं वीर प्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा। पुलिस की इस सफलता से वाहन चोर गिरोह में हड़कंप मच गया है और क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता की सराहना हो रही है।

# ट्रैक्टर के खाई में पलटने से चालक घायल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अप्रैल, रीवा-मऊगंज नेशनल हाईवे में मनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जरहा के समीप बीती रात्रि सड़क हादसा हो गया.**

यहां एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसके चलते ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर के नीचे फंस गया. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानी लोगों की मदद से चालक को सुरक्षित बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर चालक अरविंद सिंह निवासी पहाड़ी थाना मऊगंज रीवा से स्वयं के ट्रैक्टर से मऊगंज जा रहे थे. देर रात जैसे ही वह मनगवा थाना क्षेत्र के जराहा पुल के आगे पहुंचे तभी अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और ट्रैक्टर खाई में पलट गया और चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया. घटना के बाद तत्काल स्थानीय निवासियों ने थाना मनगवां की पुलिस एफआरबी को सूचना दी. तुरंत मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने स्थानीय लोगों की मदत से ट्रैक्टर चालक सुरक्षित बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा घायल की हालत सामान्य बताई गई है.

# प्रभारी मंत्री आज मैहर व सतना में

नवभारत न्यूज

**सतना 7 अप्रैल. मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 8 अप्रैल को प्रात: 5.38 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से मैहर आयेंगे।**



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय मां शारदा माता के दर्शन एवं स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात प्रात: 9.30 बजे मैहर से सतना के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रभारी मंत्री कैलाश विजयर्गीय प्रात: 10.30 बजे सतना पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे और सायं 4 बजे सतना से सडक मार्ग द्वारा व्हाया, मैहर, कटनी, सिहोरा के लिए प्रस्थान करेंगे।



# बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत, दो युवक घायल

नवभारत न्यूज

**सीधी, 7 अप्रैल. जिले के रामपुर नैकिन थानांतर्गत ग्राम धनहा में मोड़ पर सोमवार देर रात दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में दो युवक घायल हो गए।**

घायलों में से एक की पहचान राजेश साकेत के रूप में हुई है, जबकि दूसरे युवक की पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो पाई थी । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह दुर्घटना रात करीब 11 बजे धनहा मोड़ पर हुई। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर आये और देखा कि दोनों मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त हालत में सड़क पर पड़ी थीं और दोनों चालक घायल अवस्था में थे। हादसे की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और घायलों की मदद की। स्थानीय लोगों ने बताया कि धनहा मोड़ पर अक्सर तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी।

एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन ले जाया गया। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रीवा रेफर कर दिया है।

### इनका कहना है

घटना की सूचना रात में ही मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस की प्राथमिकता घायलों को तत्काल उपचार दिलाना था। फिलहाल इस संबंध में कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद मामले की विधिवत जांच की जाएगी।

**नीरज साकेत,**
चौकी प्रभारी खड्डी

# पड़रा में रह रहे जबलपुर के युवक का संदिग्ध हालत में छत पर मिला शव

- पुलिस अधीक्षक सहित भारी संख्या में मौजूद रही पुलिस

नवभारत न्यूज

**सीधी, 7 अप्रैल. शहर से लगे पड़रा में किराये के मकान में रहने वाले जबलपुर के एक युवक का शव बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मकान के बगल में छज्जे पर मिलने से समूचे इलाके में सनसनी फैल गई।**

सूचना मिलते ही जमोड़ी थाना प्रभारी दिव्यप्रकाश त्रिपाठी अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और वरिष्ठ अधिकारी को घटना से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने भी मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का मुआयना किया। विवेचना में जुटे पुलिस अधिकारियों को उनके द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए। फिलहाल घटना को लेकर कुछ संदेहियों से पुलिस पूंछताछ कर रही है। मामले का जल्द ही खुलासा होने के बात पुलिस द्वारा कही जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार भवन निर्माण का कार्य करने वाला राजू पटेल पिता अमरेन्द्र उम्र 45 वर्ष निवासी जबलपुर जो कि सांई स्कूल पड़रा के पास कैश गुप्ता के यहां किराए से रहता था। बताया गया है कि वह 4 अप्रैल को अपने घर जबलपुर से सीधी आया था। इस दौरान क्या घटना हुई कि दो दिन बाद 6 अप्रैल को उसका शव किराए के मकान के बगल में छज्जे पर मिला। जमोड़ी पुलिस द्वारा पंचनामा के बाद शव को पीएम के लिए रवाना किया। परिजनों के आने के बाद आज मंगलवार को पीएम होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



### जल्द मामले का किया जाएगा खुलासा : संतोष

इस मामले में पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद सोमवार की रात मैं भी मौके पर पडऱा पहुंचा था। पूरे मामले की जांच हो रही है। जबलपुर से परिजनों को बुलाकर पूंछतांछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### घटना को लेकर की जा रही जांच-पड़ताल : दिव्यप्रकाश

इस मामले में जमोड़ी थाना प्रभारी दिव्यप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होने कहा कि पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में पूरी टीम लगी है। जल्द ही इसका खुलासा होगा। एक जवाब में उन्होने कहा कि हम यह नहीं बता सकते कि कौन हिरासत में हैं, यह पूरी घटना की सच्चाई के बाद ही स्पष्ट करूंगा।

# पुलिस अधिकारियों का ई ऑफिस प्रशिक्षण प्रारंभ

**सतना 7 अप्रैल.** कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केंद्र में पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए ई-ऑफिस प्रणाली विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से प्रारंभ हो गया है। यह प्रशिक्षण पुलिस अधीक्षक सतना हंसराज सिंह के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण 6 से 9 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें दो बैच बनाए गए हैं। प्रथम बैच प्रात: 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक तथा द्वितीय बैच दोपहर 2.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी उपयोग हेतु प्रशिक्षित करना है.

# नाली निर्माण बना जानलेवा, फ्लोरी मशीन की चपेट में आकर युवक की दर्दनाक मौत

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 अप्रैल। सरई नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 5 में चल रहा नाली निर्माण कार्य उस वक्त मौत का कारण बन गया, जब बीच बाजार बैक हो रही एक फ्लोरी मशीन ने एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया।**



इस दर्दनाक घटना ने न सिर्फ एक परिवार को उजाड़ दिया, बल्कि नगर परिषद की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था की पोल भी खोलकर रख दी। घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में लोगों ने सड़क को जाम कर प्रदर्शन करते हुए जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार पर आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग करने लगे। जानकारी के अनुसार सरई निवासी राजेश मिश्रा उम्र 32 वर्ष पिता अभिराज मिश्रा, बाजार क्षेत्र से पैदल गुजर रहे थे। उसी दौरान नाली निर्माण में लगी फ्लोरी मशीन लापरवाही पूर्वक चलाई जा रही थी और देखते ही देखते युवक उसकी चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते भारी भीड़ जमा हो गई। गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने शव को बीच सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों ने नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों, संबंधित पार्षद और ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। आक्रोश इतना बढ़ गया कि मौके पर तनाव की स्थिति बन गई, जिसे संभालने के लिए तहसीलदार सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात करना पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नाली निर्माण कार्य में पहले से ही भ्रष्टाचार और घटिया गुणवत्ता की शिकायतें मिल रही थीं। बावजूद इसके बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के मशीनें चलाई जा रही थीं। न तो बैरिकेडिंग की व्यवस्था थी और न ही आम लोगों को सुरक्षित दूरी पर रखने के उपाय किए गए थे।

### बिना प्रोटोकॉल के चल रही थी मशीन

कुछ लोगों ने तो यहां तक आरोप लगाया कि यह घटना संदिग्ध है और मशीन को जानबूझकर लापरवाही से चलाया गया। हालांकि इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी, लेकिन सवाल यह जरूर उठ रहा है कि आखिर इतनी बड़ी मशीन को भीड़भाड़ वाले बाजार में बिना किसी सुरक्षा प्रोटोकॉल के कैसे संचालित किया जा रहा था। मृतक के परिजनों ने दोषियों पर हत्या का मामला दर्ज करने, उचित मुआवजा देने और संबंधित सीएमओ व ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में ठोस कदम उठाता है या फिर यह मामला भी कागजों में दबकर रह जाएगा।

# फर्जी सिम एक्टिवेट करने वाला एजेंट गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सीधी, 7 अप्रैल. पुलिस अधीक्षक सीधी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन फेस के तहत एक शातिर जालसाज को गिरफ्तार किया है।**

आरोपी ग्राहकों के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी तरीके से सिम एक्टिवेट करने का कार्य कर रहा था।पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के आधार पर, दूरसंचार विभाग (डीओटी) द्वारा उपलब्ध कराए गए संदिग्ध डेटा की जांच की गई। जांच में पाया गया कि वर्ष 2023 के एआई आधारित एएसटीआर के माध्यम से ऐसे मोबाइल नंबरों की पहचान हुई है जो एक ही चेहरे पर कम से कम 50 या उससे अधिक की संख्या में अलग-अलग नाम और पते पर एक्टिवेट किए गए थे। इस डेटा के तकनीकी विश्लेषण और साइबर सेल से प्राप्त कै? रिपोर्ट के आधार पर थाना कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी देवेन्द्र प्रजापति को चिन्हित कर गिरफ्तार किया। आरोपी देवेन्द्र प्रजापति एक पीओएस एजेंट है। यह अपने निजी फायदे के लिए दुकान पर आने वाले ग्राहकों के पहचान पत्रों जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की फोटोकॉपी रख लेता था। बाद में, उन्हीं दस्तावेजों का उपयोग कर ग्राहकों के नाम-पते पर अपनी स्वयं की फोटो लगाकर फर्जी तरीके से सिम एक्टिवेट कर लेता था। जांच में दोषी पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली में धारा 420 भादंवि /बीएनएस, धारा 42(3)(ई), 42(6) दूरसंचार अधिनियम 2023 एवं 66( सी ) आईटी एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# दहेज प्रतिषेध सलाहकार बोर्ड के गठन के लिए अशासकीय सदस्यों के आवेदन मांगे

नवभारत न्यूज

**सतना 07 अप्रैल. जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राजीव सिंह ने बताया कि सतना जिले में दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धारा 8-ख ( 4 ) के अंतर्गत दहेज प्रतिषेध अधिकारियों को सलाह एवं सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से दहेज सलाहकार बोर्ड का गठन किया जाना है।**

इस बोर्ड में कुल 5 सदस्य होंगे, जिनमें कम से कम 2 महिलाएं अनिवार्य होंगी। इन दो महिला सदस्यों में एक महिला सामाजिक कार्यकर्ता को प्राथमिकता दी जाएगी, जो अधिवक्ता भी हो। जबकि दूसरी महिला सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता होगी। शेष 3 सदस्य ऐसे समाज सेवक होंगे जो समाज की सेवा में सक्रिय रूप से योगदान देते रहे हों। इच्छुक अशासकीय सदस्य अपना संपूर्ण बायोडाटा सहित 7 दिवस के भीतर आवेदन पत्र जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास कन्या धवारी स्कूल के पास जवाहर नगर सतना के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।


AKS University, Satna

Notification for Ph.D. Entrance Test 2026-27

Last Date for Online Application : 27 May 2026
Entrance Test Date : 31 May 2026 | Time : 10:00 am to 12:00 pm
Interview Date : 31 May 2026 (1:00 pm onwards)
Venue : E-Block, AKS University, Satna (M.P.)

- Management Studies (Management)
- Social Science and Humanities (Education, Public Administration, Sociology, and Yoga Science)
- Engineering and Technology (Computer Science & Engineering, Cement Technology, Civil , Electrical, Mechanical, and Mining)
- Life Science & Technology (Biotechnology, Microbiology, and Environmental Science)
- Agriculture Science and Technology (Agriculture Economics, Agriculture Engineering, Entomology, Genetics & Plant Breeding, Horticulture, Plant Pathology, and Soil Science)
- Commerce & Financial Studies (Commerce)
- Basic Science ( Chemistry, Mathematics, and Physics)
- Pharmaceutical Science (Pharmacy)
- Faculty of Law (Law)

For detailed information, please visit: https://aksuniversity.ac.in/Doctorate
Only online applications will be accepted. NET/ GATE/ SLET etc. qualified candidates are exempted to appear in written test but they have to appear in interview. Hard copy of complete application form along with certificates should reach the undersigned before the last date. The number of seats may vary as per the availability of seats.

Registrar


# रीवा रेंज में जन चौपाल से अपराधों पर कसा जाएगा शिकंजा

## आईजी गौरव राजपूत ने शुरू किया जन चौपाल का अभियान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अप्रैल, रीवा जोन की कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के साथ शिकायतों का त्वरित निराकरण की पहल के साथ जन चौपाल आपकी पुलिस आपके द्वार का शुभारंभ किया गया है. यह अभियान 77 थानो 64 चौकियों में चलेगा. जनता थाने में नही जाएगी बल्कि पुलिस जनता के द्वार खुद पहुंचेगी.**



जहा शिकायतों का त्वरित निराकरण होगा. पुलिस के आला अधिकारी कभी भी जन चौपाल का औचक निरीक्षण कर सकते है. रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत ने अपनी नई सोच के साथ कानून व्यवस्था को और सरल बनाने के लिए साथ ही आम जनता को सुविधा सुगम कराने के लिए एक नए अभियान की शुरुआत की है. पुलिस कंट्रोल रूम में मीडिया से चर्चा करते हुए आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी शैलेंद्र सिंह, एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि रीवा जोन के 77 थानों और 64 पुलिस चौकिया में हर माह के 1 दिन शाम 4 बजे से 6 बजे तक चौकी और पुलिस थाना क्षेत्र के किसी एक स्थान पर जन चौपाल आपकी पुलिस आपके द्वारा कार्यक्रम चलाया जाएगा.

आईजी गौरव राजपूत ने बताया कि अब जनता पुलिस के पास नहीं पुलिस जनता के पास जाएगी उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण अभियान की शुरुआत इस मंगलवार से की जाएगी जो हर माह के 1 दिन आयोजित किया जाएगा. अभियान के दौरान जिले के पुलिस अधीक्षक डीआईजी और आईजी किसी भी स्थान पर पहुंच कर इसका निरीक्षण कर सकते हैं और कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99